डीएम-एसपी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनायी दीपावली

नवादा। दीपावली के शुभ अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमन ने वृहद आश्रय गृह, बुधौल, नवादा पहुंचकर वहां रह रहे बालक-बालिकाओं के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बालक-बालिकाओं के साथ दीप प्रज्वलित कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। बच्चों के साथ पटाखे छोड़े तथा उन्हें मिठाइयां एवं उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया तथा उन्हें स्नेह एवं प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा अमित अनुराग, प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण पदाधिकारी रितेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

कौआकोल (नवादा) (संसू) के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजारों सहित सभी ग्रामीण इलाकों में दीपों का त्योहार दीपावली हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी रोशनी, दीपों और आकर्षक सजावट से सजाया। शाम होते ही घर-आंगन दीपों की रोशनी से जगमगा उठे। लोगों ने विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दीपावली को लेकर कौआकोल बाजार, रानीबाजार, बड़राजी, फुलडीह, भलुआही सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजारों एवं गांवों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को



मिठाइयां खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। वहीं, शाम होते ही लोगों ने जमकर आतिशबाजी का आनंद लिया। पटाखों की रोशनी और आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। बाजारों में देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। कुल मिलाकर पूरे प्रखंड क्षेत्र में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ संपन्न हुआ। **वारिसलीगंज (नवादा) (आससे) के अनुसार** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को उत्साह पूर्ण वातावरण में प्रकाश पर्व दीपावली मनाई गई। इस अवसर पर लोग अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को विभिन्न रंग बिरंगे लाइटो से डेकोरेटेड कर जगमग किया। देर रात तक मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान वारिसलीगंज पुलिस शांति व्यवस्था बनाये रखने को ले बाजार में भ्रमन करते देखी गई। वही बाजार के छोटे बड़े दुकानदारो ने अपने अपने प्रतिष्ठानों में माता लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। मौके पर लोग एक दूसरे को मिठाई एवं अन्य उपहार देकर दीपावली की खुशियां मनाई। विभिन्न इंटरनेट साइटों पर लोग एक दूसरे को दीपावली की बधाई देते रहे। पटाखों की गूंज से रात भर वातावरण में शोर होते रहा। जिससे वातावरण में धुंआ ही धुंआ दिखाई दे रहा था। बिजली की व्यवस्था ठीक ठाक रही। वही प्रखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 37 स्थानों पर माता लक्ष्मी एवं काली माता की मूर्तियां स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना किया गया। बच्चो संग युवक युवतियों ने घरो में आकर्षक रंगोली बना दीपो से सजाई। बच्चे जमकर पटाखे फोड़े और मिठाई खा कर खुशियां मनाई। वही पटाखा छोड़ने के दौरान असावधानी के कारण कुछ बच्चों के आंशिक जख्मी होने की सूचना है। बाजार में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर लोग चोरी छिपे देररात तक जुआ खेलते देखे गए। क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी एवं मंदिरों में रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि दीपो का पर्व दीपावली के अवसर पर पहले लोग मिट्टी के दीये से घर जगमगाते थे। जिस कारण मच्छरों का प्रकोप भी कम हुआ करता था। आज छोटे छोटे चकाचौंध करने वाले इलेक्ट्रिक चयनीज बल्बो से अपने अपने घरों को सजाते है। रंग बिरंगे बल्बों एवं मोमबत्तियां जलाने से मच्छरों का प्रकोप यथावत रह जाता है। कुल मिलाकर दीपोत्सव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

एसडीओ ने पकड़े बिना कागजात के ओवरलोड कोयले के चार वाहन

रजौली (नवादा) (आससे)। बिहार में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासनिक शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन द्वारा की गई छापेमारी में झारखंड की ओर से आ रहे बिना वैध चालान के ओवरलोड कोयले से लदे वाहनों पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एसडीओ ने बताया कि गुप्त सूचना पर अवैध रूप से कोयले लाने वाले ट्रकों को पकड़ कर आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन कार्यालय को दे दिया गया है। इधर खनन निरीक्षक अंजनी कुमार के द्वारा बताया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा चितरकोली समेकित जांच चौकी के समीप जांच के दौरान कुल चार 14/16 चक्का ट्रकों को पकड़ा गया, जिन पर बिना चालान के कोयला लदा हुआ था। पकड़े गए इन वाहनों के निबंधन नंबर जेएच 10 डीएम 9512 में 73,480 किलोग्राम, जेएच 10 जीबी 7996 में 72,450 किलोग्राम, जोएच 10 डीएम 8875 में 75,010 किलोग्राम और जेएच 10 डीबी 8713 में लगभग 1430 सेफ्टी कोयला पाया गया है। इन सभी वाहनों को 'बिहार खनिज समानुदान, अवैध खनन, भंडारण, परिवहन एवं निवारण, नियमावली-2019 (यथासंशोधित), 2026' के नियमों के स्पष्ट उल्लंघन के तहत जप्त कर अग्रिम आदेश तक रजौली थाने की सुरक्षा में सुरक्षित रखा गया है तथा आगे की विधिवत कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सौंप दिया गया है।

चाकू से हमला में वृद्ध गंभीर रूप से घायल

रजौली (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र में चाकू से हमले की एक गंभीर घटना सामने आई है। नगर पंचायत के महसई मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय नादिर आलम ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।आवेदन के अनुसार, रविवार की सुबह वे रजौली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उपरटंडा निवासी 32 वर्षीय सोनी पांडेय, पिता भोला पांडेय, पास आया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया, तो आरोप है कि सोनी पांडेय ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसने अपने पॉकेट से चाकू निकालकर जान मारने की नीयत से पीड़ित के पेट पर वार कर दिया, जिससे पेट बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके बाद आरोपी ने सिर पर भी तीन बार चाकू से मारा। चाकू के हमले से नादिर आलम जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने आवेदन में कहा है कि आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। इस घटना के बाद इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सड़क जाम के आरोप में 31 नामजद, चार गिरफ्तार

पकरीबरावां (नवादा) (संसू)। पकरीबरावां-वारिसलीगंज पथ पर छतरवार मोड़ के पास रविवार की देर शाम को हुई सड़क हादसे में चार लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद गुस्साए लोगों द्वारा किये गए सड़क जाम मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि सड़क जाम करने एवं सड़क पर आगजनी करने के मामले में 31 नामजद एवं 100 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में छतरवार गांव के अनिल कुमार, हरेराम कुमार, पंकज कुमार एवं अशोक गिरी को गिरफ्तार किया गया है। चारों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क जाम करने में प्रयुक्त पांच बाइक, 2 साइकिल एवं एक इंजन रिक्शा को जब्त किया गया है।

पटाखा दुकान में लगी आग एक लाख का नुकसान

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। बाजार में दीपावली के दिन रविवार की दोपहर सब्जी मंडी स्थित एक फुटपाथी पटाखा दुकान में आग लगने से उक्त स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान करीब करीब एक लाख रुपये के पटाखे और बिक्री के 25 हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार सब्जी मंडी स्थित पटाखा दुकान बाजार के गुमटी रोड निवासी एक व्यक्ति की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बगल की एक दुकान में वेल्डिंग का काम चल रहा था। वेल्डिंग की चिंगारी उड़कर पटाखा दुकान पर गिरी। जिससे पटाखों में आग लग गई और देखते ही देखते जोरदार आवाज के साथ पूरी दुकान धू-धू कर जल गई। आग के साथ पटाखे फूटने लगे, जिससे मौके पर करीब 10 मिनट तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। पीड़ित दुकानदार के अनुसार करीब एक लाख रुपये का पटाखा और बिक्री के 25 हजार रुपये नकद जल गए।

आगजनी में हजारों की संपत्ति जलकर राख

कौआकोल (नवादा) (संसू)। दीपावली की रविवार की रात कौआकोल थाना क्षेत्र के तरौन गांव में एक घर में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि,ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया,जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार,तरौन गांव निवासी गोरेलाल मिस्त्री के घर में अचानक आग लग गई। आग लगने का संभावित कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अगलगी की घटना में घर में रखी हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन अब 14 तके

नवादा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा-2026 में सफल अभ्यर्थियों के लिए नामांकन का अंतिम अवसर दिया गया है। मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, इंडस्ट्रियल एरिया, नवादा (बिहार)-805110 की ओर से जारी सूचना के अनुसार, वैसे छात्र-छात्राएं जो किसी कारणवश अब तक डीएलएड सत्र-2026-28 में अपना नामांकन नहीं करा सके हैं, वे 14 नवंबर 2026 तक नामांकन करा सकते हैं। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित होकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर लें। निर्धारित तिथि के बाद नामांकन का अवसर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को डीएलएड सत्र-2026-28 में प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर से वंचित होना पड़ सकता है।

श्रृंगी ऋषि पहाड़ी के समीप वृद्ध का शव बरामद

रजौली (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के न्यू सिंगर जाने वाले रास्ते में रविवार की सुबह श्रृंगी ऋषि पहाड़ी के समीप एक अज्ञात वृद्ध का शव बरामद हुआ है। शव बरामदगी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। स्थानीय लोगों ने शव की जानकारी तुरंत थाने को दी। ग्रामीणों के अनुसार वृद्ध के गिरने से मौत हुई है। लोग यह भी संभावना जता रहे हैं कि वृद्ध शौच के लिए पहाड़ी क्षेत्र में गया होगा और सड़क किनारे गिरने से सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई होगी। हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष रणजीत कुमार, एसआई सचिन कुमार, एसआई संजय कुमार यादव एवं एएसआई वीरेंद्र ओझा के साथ स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। वृद्ध की उम्र करीब 60 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पहचान के लिए वृद्ध के फोटो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भेजा जा रहा है, ताकि परिजनों तक सूचना पहुंच सके और शव की शिनाख्त हो सके।

पुलिस ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा होगा। इधर, घटना के बाद आसपास के गांवों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि वृद्ध कहां का रहने वाला था और पहाड़ी क्षेत्र में कैसे पहुंचा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस वृद्ध के बारे में कोई जानकारी हो तो थाने को सूचित करें। उन्होंने कहा कि मामले की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाइक की ठोकर से युवक की मौत, एक जख्मी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। नगर के बीके साहू इंटर विद्यालय गेट के पास सोमवार की दोपहर बाद दो बाइक की सीधी टक्कर में एक बाइक चालक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि पीछे को सीट पर बैठा नावालिग आंशिक रूप से जख्मी होकर इलाजरत है।

वही दूसरे बाइक चालक घटना बाद भाग निकलने में सफल रहा। मृतक की पहचान मोसमा पंचायत की टाटी मीर बीघा ग्रामीण भगीरथ तांती का 22 वर्षीय पुत्र शिशुपाल कुमार के रूप में हुई। जबकि पीछे बैठा जख्मी बालक उसी गांव के शिव तांती का नावालिग पुत्र सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई। आसपास के लोगो की मदद से जख्मी बालक को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भेजा गया। घटना की खबर मिलते ही टाटी मीर बीघा गांव के सैकड़ो नर नारी गिरते पड़ते घटना स्थल पर पहुंचकर करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर आवागमन अवरुद्ध रखा। बाद में बीडीओ द्वारा पारिवारिक लाभ निर्धारित राशि का चेक मृतक के पिता को देने व पुलिस द्वारा आवश्यक लिखा पढ़ी बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजवाया गया। घटना स्थल पर रहे ग्रामीण विजय तांती ने बताया कि मृत



युवक शिशुपाल कुमार ग्रामीण भागीरथ तांती के तीन और दो बहनों में तीसरे नम्बर पर था। अर्थात पुत्रो में सबसे छोटा था। जो मार्बल टाइल्स का मिस्त्री का काम करता था। घटना के समय शेरपुर की तरफ कार्य करने के लिए जा रहा था। बताया गया कि दो महीने बाद युवक की जिले के नरहट थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी होने वाली थी। घटना स्थल पर पहुंचे परिजन कहते है कि कोई बड़ी गाड़ी घटना को अंजाम देकर भाग गया है। घटना स्थल पर पहुंचे मृतक की मां रेणु देवी एवं अन्य परिजन के विलाप से मौके पर उपस्थित हर किसी की आंखे नम हो रही थी।

बताया गया कि युवक कम पढा लिखा था लेकिन मार्बल टाइल्स के कार्य मे काफी दक्ष था।

थाने के समीप मिठाई दुकानदार को मारी गोली

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। नेमदारगंज बाजार में छोटी दिवाली की रात हुई गोलीबारी की घटना ने इलाके



की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेखौफ बदमाशों ने थाना भवन से महज 250 मीटर की दूरी पर राज मिष्ठान भंडार के संचालक लगभग 40 वर्षीय विकास कुमार उर्फ उत्तम को गोली मारकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी। घटना शनिवार रात करीब 8:30 बजे की है। गोली लगने से दुकानदार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं, वारदात के बाद बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और दीपावली की खुशियां दहशत में बदल गईं। इस मामले में घायल दुकानदार के भाई कुणाल ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध नेमदारगंज थाने में लिखित आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि कुणाल के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है और अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि शनिवार की रात विकास कुमार अपनी नियमित दिनचर्या के तहत शौच क्रिया के लिए बैठे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाकर गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। आनन-फानन में उन्हें नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। फिलहाल पटना में उनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय मुखिया सह राजद जिलाध्यक्ष उदय कुमार यादव भी ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल के परिजनों को सहयोग किया। वे इलाज के दौरान परिजनों के साथ पटना भी गए। मुखिया उदय कुमार यादव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि शांतिप्रिय नेमदारगंज बाजार में इस तरह की गोलीबारी पहली बार हुई है। इससे व्यवसायियों और आम लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब थाने से महज 250 मीटर की दूरी पर बदमाश गोली मारकर फरार हो सकते हैं, तो आम बाजार और गांवों की सुरक्षा कितनी महफूज है? अब लोगों की निगाहें पुलिस की कार्रवाई और गोलीकांड के खुलासे पर टिकी हैं।

दंगल में हरियाणा के पहलवान पुनीत ने गोल्ड मेडल पर जमाया कब्जा

अकबरपुर (नवादा)। गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर सोमवार को अकबरपुर प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित आंध्रवारी किसान उच्च विद्यालय के मैदान में पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी आयोजित दंगल में बिहार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला और दमखम का



शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। वहीं, सर्विस लेन के ऊपर बने पुल पर खड़े होकर भी लोगों ने कुश्ती का आनंद लिया। प्रतियोगिता में गोल्ड, सिल्वर और तृतीय मेडल के लिए मुकाबले हुए। गोल्ड मेडल के फाइनल में हरियाणा के पहलवान पुनीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। उन्हें 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता हरियाणा के ही पहलवान शितोल को तेयार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी भोले दानी ने 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। सिल्वर मेडल के फाइनल मुकाबले में बजवातरी के मनीष यादव विजेता बने। उन्हें 11 हजार रुपये मिले, जबकि उपविजेता कोल्हा बिगहा के साकेत कुमार को 5500 रुपये देकर सम्मानित किया गया। तृतीय मेडल के मुकाबले में काजीकटा के संटु यादव ने जीत हासिल कर 3000 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, उपविजेता विराज के मनीष यादव को 1100 रुपये दिए गए। इस अवसर पर भोले दानी ने कहा कि दंगल जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं हमारी संस्कृति और विरासत को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कुश्ती केवल ताकत का खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य, साहस और मेहनत का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलकूद के प्रति रुचि रखनी चाहिए।

जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय बाजार में सिरदला-रजौली मुख्य सड़क पर मगध ग्रामीण बैंक के पूरब राजेश भारती के मकान में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन



बीडीओ अमित कुमार, डॉ. केपी यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पिंकी भारती और नागेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से क्षेत्र के लोगों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। ऐसे केंद्र प्रत्येक प्रखंड में होना जरूरी है, ताकि आम लोगों को सस्ती दवाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विशेष राहत मिलेगी। मौके पर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश प्रसाद शर्मा, डॉ. संतोष कुमार सुमन, मुखिया लखि नारायण गुप्ता, पूर्व मुखिया रामदेव यादव, उपमुखिया सुमन कुमार, पवन कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मारपीट मामले में तीन आरोपित

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के मसनखावा ग्रामीण राजेंद्र यादव ने बेवजह मारपीट करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर गांव के तीन लोगों को आरोपित किया है। दर्ज मामले में कहा गया है कि शनिवार को पत्नी के साथ खेत में आलू खोद रहे थे तभी ग्रामीण कमलेश कुमार, मनी कुमार व मुनेश्वर यादव द्वारा गाली गलौज के साथ मारपीट किया गया।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 115 गर्भवती की जांच

कौआकोल (नवादा) (संसू)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान कुल 115 गर्भवती महिलाओं ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सकों की टीम ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। साथ ही गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक आहार एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। बदलते मौसम और बढ़ती ठंड को देखते हुए गर्भवती महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, शरीर को गर्म रखने तथा विशेष सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई।

सिरदला (नवादा) (संसू) के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कुल 229 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 5 गर्भवती महिलाओं को एफ सी एम दिया गया। जिलाधिकारी की पहल पर अभियान में शामिल सभी गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक अल्पाहार के रूप में एक-एक केला, सेब और बिस्किट वितरित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस, एचआईवी, सिफलिस, रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन और ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। साथ ही जरूरत के अनुसार उन्हें आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाली 5 गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष निगरानी में रखा जाएगा। इनके समुचित उपचार और स्वास्थ्य की स्थिति पर नजर रखने के लिए संबंधित आशा कार्यकर्ताओं को आगामी 15 और 21 तारीख को आयोजित फॉलोअप दिवस पर महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र लाने का निर्देश दिया गया है।

पकरीबरावां (नवादा) (संसू) के अनुसार सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और स्वस्थ शिशु के संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौल में विशेष शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। विशेष शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आई कुल 115 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान करना और समय रहते उचित उपचार प्रदान करना है। ताकि मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार ने बताया कि बेहतर गर्भ, बेहतर जन्म के उद्देश्य से यह कार्यक्रम हर माह के 9 ,15, एवं 21 तारीख को आयोजित किया जाता है, जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को न्यूनतम किया जा सके। जांच के दौरान जिन महिलाओं में खून की अत्यधिक कमी पाई गई, उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए 15 महिलाओं को एफसीएम चढ़ाया गया।

प्रतिमा स्थापित कर की मां लक्ष्मी की पूजा

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रखंड मुख्यालय स्थित फूल बागान चौक में प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई।



इस अवसर पर पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी की पूजा कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भी दीपावली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बाजारों में भी उत्सवी माहौल देखने को मिला। स्थानीय समाजसेवी महेंद्र लाल ने बताया कि फूल बागान चौक पर पिछले 40 वर्षों से लगातार प्रतिमा स्थापित कर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जा रही है। यह परंपरा क्षेत्र के लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बन चुकी है। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

दीपों से जगमगाया अकबरपुर

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। दीपावली का त्योहार अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास, उमंग और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना कर परिवार में सुख, समृद्धि, वैभव और खुशहाली की कामना की। दीपावली को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना रहा। फतेहपुर, नेमदारगंज और अकबरपुर बाजार सहित प्रखंड की कई पंचायतों में आकर्षक पंडाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूजा स्थलों को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। शाम होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ने लगी। लोगों ने श्रद्धा के साथ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की और परिवार तथा समाज की सुख-शांति की कामना की। वहीं, दीपावली को लेकर लोगों ने अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी झालरों, बिजली के बल्बों और दीपों से सजाया।

प्रतिमा को देखने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पकरीबरावां (नवादा) (संसू)। आस्था एवं उल्लास के साथ दीपावली मनाई गई। इस अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय सहित कई गांवों में माता लक्ष्मी सहित अन्य देवी- देवताओं की प्रतिमा बनाकर पूजा- अर्चना की गई। पकरीबरावां प्रखण्ड के बिहटा गांव में आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। पूजा समिति के संतोष कुमार सिन्हा सहित अन्य ने बताया कि वर्षों से प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना की जाती रही है। पूजास्थल के पास अच्छी लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। पकरीबरावां बाजार में आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है।

वारिसलीगंज में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पशुपालकों ने अपने-अपने मवेशियों की सुरक्षा और समृद्धि की कामना की। मौके पर पशुपालकों ने अपने मवेशियों को शैंपू लगाकर अच्छी तरह स्नान कराया, फिर सींगों में पालिश लगाकर फूल-माला और रंगों से आकर्षक रूप में सजाया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मवेशियों को तिलक लगाया और आरती की। मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने पशुओं और ग्रामीणों की कुशलता के लिए बाएं हाथ की छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। गोवर्धन पूजा को पशुधन के प्रति कृतज्ञता और प्रकृति संरक्षण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। पशुपालक खासकर यादवो के गांव में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई जाती है। जिसमें पशुपालक अपने आराध्य देवता का आह्वान का पूजा अर्चना करते है।

मारपीट मामले में महिला जख्मी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र अंतर्गत झौर गांव में छत पर पानी गिरा देने के विवाद बाद हुए मारपीट की घटना में एक महिला जख्मी हो गई। जख्मी महिला के पुत्र संतोष कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी मां छठ पूजा को लेकर छत पर अनाज सुखा रही थी। इसी बीच पड़ोस के बैरागी तांती एवं उसकी पत्नी सोनम देवी द्वारा छत पर पानी गिरा दिया गया। मना करने पर उल्टे मां के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया गया।

दंगल के फाइनल में रामपुर के गोपाल विजेता

नवादा। अखिलेश यादव खेल महोत्सव के आखिरी दिन आज केना पंचायत स्थित खुटका सराय छठघाट के समीप बाबा मांगोदास दंगल अखाड़े में आज दंगल का फाइनल



मुकाबला संपन्न हुआ। पूर्व राज्यमंत्री श्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से आयोजित इस दंगल प्रतियोगिता में चार दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपना जलवा दिखाया। यहां दिल्ली और हरियाणा की महिला पहलवान के बीच भी रोमांचक दंगल हुआ। चार चक्र के दंगल के बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला कराया गया जिसमें गोल्ड मेडल के लिए रामपुर के गोपाल पहलवान विजयी घोषित किए गए जबकि डोहरा के फंटूश कुमार उपविजेता बने। इसी प्रकार सिल्वर मेडल के लिए गुलजार बिगहा के अक्षय पहलवान विजेता और बंगाली बिगहा के पवन कुमार उपविजेता घोषित किए गए। महिला दंगल में हरियाणा की मुस्कान पहलवान विजेता और दिल्ली की प्रियंका उपविजेता घोषित की गई। दंगल प्रबंधन की जिम्मेवारी केना पंचायत के मुखिया नीतीश राणा ने निभाया जबकि जोड़ा लगाने और संचालन का दायित्व विजय यादव ने पूरा किया।